BR>**Title:**Requests the Central Government to direct the State Government of Uttar Pradesh to restart the closed industries.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक लोक महत्व के सवाल की तरफ खींचना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि धीरे-धीरे उद्योग-धंधे बन्द करने का एक सिलसिला बन गया है। उत्तर प्रदेश में सरकार ने अभी १५ फैक्ट्रियों को लखनऊ में बन्द कर दिया।

आज से पहले पांच चीनी मिलों को भी बंद कर दिया गया। भारत सरकार के नियंत्रण में चलने वाली चार चीनी मिलों में से गौरी बाजार, पडरौना और कदकुईयां को भी बंद कर दिया गया है। ठीक इसी तरह से चुर्क सीमेंट फैक्ट्री को भी बंद करने का काम किया गया जिसके सवाल को लेकर मजदूरों ने विधान सभा के सामने सत्याग्रह किया जिसमें एक मजदूर की मृत्यु विधान सभा के सामने हो गयी। आज ऑप्ट्रान कारखाने के मजदूर और अन्य मिलों में काम करने वाले मजदूर सड़कों पर आ गये हैं। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि जो उद्योग धंधे चलाये जा रहे हैं, उनको धीरे-धीरे समाप्त करने की प्रक्रिया की जा रही है। आप उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश देकर इस कार्य को बंद करायें और जो बंद मिलें हैं, उन्हें पुनः चालू कराने का काम करें।